रविवासरीय हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार

PAGE NO.-04 : BOTTOM

# श्रीराम मूर्ति मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का आगाज 18 फरवरी को होगा। इस टूर्नामेंट में 12 टीमें शामिल होंगी।

एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने बताया कि इस बार मेरठ, वाराणसी, हरदोई, हल्द्वानी के साथ बरेली में संचालित क्रिकेट एकेडमी की टीमें खेलने आ रही हैं। इसी को देखते हुए आयोजन समिति की ओर से टूर्नामेंट की इनामी राशि भी बढ़ाई गई है। पिछली बार विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये मिले थे। इस बार विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ एक लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह रनरअप टीम को 31 हजार रुपये के स्थान पर अब 51 हजार रुपये के साथ ट्राफी प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यानी मैन ऑफ द मैच को 1100 का पुरस्कार मिलेगा।